RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


4th Year Anniversary

**गुस्ताखी माफ**

जनता पूरी शान से, पड़ सकती बीमार।
खर्चा सभी इलाज का, अब देगी सरकार।
अब देगी सरकार, भले कोई बीमारी।
मिलने हैं दस लाख, रकम सारी सरकारी।
कह साहिल कविराय, काम ऐसे ही बनता।
पड़ सकती बीमार, शान से पूरी जनता।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 14 | SUNDAY 25-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# सेंसेक्स, निफ्टी में गिरावट से निवेशकों को 16 लाख करोड़ का नुकसान, अडानी ग्रुप के शेयर सबसे ज्यादा गिरे

चंडीगढ़/यूटर्न/24 जनवरी। इस हफ़्ते भारत के मुख्य शेयर बाजार इंडेक्स, निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स में भारी बिकवाली और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण निवेशकों को मार्केट वैल्यू में ₹16 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। शुक्रवार को रुपया 92 प्रति डॉलर तक पहुंच गया, फिर थोड़ा सुधरकर अमेरिकी करेंसी के मुकाबले 91.90 पर बंद हुआ। हालांकि बाजार ऊंचे स्तर पर खुले थे, लेकिन अडानी ग्रुप के शेयरों सहित प्रमुख शेयरों में तेज गिरावट से बिकवाली का दबाव बढ़ गया। ट्रेडर्स ने कहा कि सेफ-हेवन एसेट्स की ओर रुझान और लगातार विदेशी फंड के बाहर जाने, साथ ही मजबूत स्थानीय ट्रिगर्स की कमी ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 769.67 अंक, या 0.94 प्रतिशत गिरकर 81,537.70 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान, इंडेक्स 835.55 अंक, या 1.01 प्रतिशत तक गिर गया, और इंट्राडे में 81,471.82 के निचले स्तर पर पहुंच गया। बीएसई पर, 2,989 शेयर नीचे गिरे, जबकि 1,229 ऊपर चढ़े और 143 अपरिवर्तित रहे।



## एनएसई निफ्टी में आई गिरावट

इस बीच, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 241.25 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 25,048.65 पर बंद हुआ। दिन के सत्र में, यह 264.6 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 25,025.30 के निचले स्तर पर पहुंच गया। हफ़्ते भर में, बीएसई सेंसेक्स 2,032.65 अंक, या 2.43 प्रतिशत गिरा। बड़ा एनएसई निफ्टी भी 645.7 अंक, या 2.51 प्रतिशत गिरा।

## बीएसई की कंपनियों का मार्केट वैल्यू घटा

शुक्रवार को, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट वैल्यू 6,95,963.98 करोड़ घटकर 4,51,56,045.07 करोड़ ($4.93 ट्रिलियन) हो गया। इस हफ़्ते, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट वैल्यूएशन 16,28,561.85 करोड़ गिर गया। 30 सेंसेक्स शेयरों में से, अदानी पोर्ट्स, इटरनल, इंडिगो, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, ट्रेंट, लार्सन एंड टुब्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

## पीएसयू बैंक के भी शेयर गिरे

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि प्रोजेक्ट पूरे होने में देरी और प्रॉफि ट बुकिंग के कारण रियल्टी और ढरव बैंक के शेयर गिरे, जबकि यूएस रेगुलेटर द्वारा संभावित समन की रिपोर्ट के बाद अदानी ग्रुप के शेयरों पर दबाव पड़ा। समन के कारण अदानी ग्रुप के सभी शेयरों में बिकवाली हुई। ग्रुप की मुख्य कंपनी, अदानी एंटरप्राइजेज, निफ्टी 50 पर सबसे ज्यादा प्रतिशत गिरने वाली कंपनी बन गई, जो 10.65 प्रतिशत गिरकर 1,864.20 पर आ गई, जबकि बेंचमार्क इंडेक्स 0.95 प्रतिशत नीचे बंद हुआ, जैसा कि पहले की एक रिपोर्ट में बताया गया था। कुल मिलाकर, अदानी ग्रुप की कंपनियों को इस सेशन में मार्केट वैल्यू में लगभग $12.5 बिलियन का नुकसान हुआ।

## कई कंपनियों के शेयर में तेजी आई

इस बीच, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट उन शेयरों में शामिल थे जिनमें तेजी आई। खास बात यह है कि सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सर्विसेज में सबसे ज्यादा 4.20 प्रतिशत की गिरावट आई, इसके बाद यूटिलिटीज में 3.52 प्रतिशत, रियल्टी में 3.35 प्रतिशत, पावर में 2.81 प्रतिशत, ढरव बैंक में 2.37 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स में 2.09 प्रतिशत, इंडस्ट्रियल्स में 1.69 प्रतिशत और बैंकएक्स में 1.44 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सोने-चांदी की कीमतें बढ़ी

शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं और फ़्यूचर्स ट्रेडिंग में नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गईं, जो ग्लोबल मार्केट में मजबूत बढ़त के कारण हुआ क्योंकि अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ीं। गुरुवार को, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 397.74 अंक बढ़कर 82,307.37 पर बंद हुआ, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 132.40 अंक चढ़कर 25,289.90 पर समाप्त हुआ।

# पंजाब बन रहा महिंद्रा का ऑटो हब, एसएमएल महिंद्रा करेगी 500+ करोड़ का विस्तार



चंडीगढ़, यूटर्न, 24 जनवरी ।महिंद्रा समूह पंजाब में निवेश के जरिए अपने औद्योगिक आधार को लगातार मजबूत कर रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर पंजाब को ऑटोमोबाइल विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। लगभग 555 करोड़ रुपये के इस अधिग्रहण के बाद कंपनी का नाम एसएमएल महिंद्रा लिमिटेड किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि एसएमएल महिंद्रा लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में अग्रणी है और लॉजिस्टिक्स, यात्री परिवहन व संस्थागत मोबिलिटी के लिए ट्रक, बस और विशेष वाहन बनाती है। कंपनी शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) स्थित अपनी अत्याधुनिक इकाई में पहले ही करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश कर चुकी है, जहां पूर्णतः एकीकृत ऑटोमोबाइल निर्माण परिसर संचालित है ।पंजाब में विस्तार को लेकर एसएमएल महिंद्रा के कार्यकारी चेयरमैन श्री विनोद सहाय के हवाले से बताया गया कि कंपनी ने 100 करोड़ रुपये से मौजूदा यूनिट के आधुनिकीकरण और 400 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश से एक अन्य राज्य की विनिर्माण इकाई को पंजाब स्थानांतरित करने का रोडमैप तैयार किया है। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि पारदर्शी नीतियां, सिंगल-विंडो सिस्टम और कुशल कार्यबल के कारण पंजाब देश के शीर्ष निवेश गंतव्यों में उभर रहा है, जिससे बड़े औद्योगिक घरानों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

# लुधियाना की सड़कें होंगी विश्वस्तरीय: 162 करोड़ की 'कम्प्लीट स्ट्रीट' परियोजना से बदलेगा शहर का चेहरा

चंडीगढ़, युटर्न, 24 जनवरी। लुधियाना शहर को सुरक्षित, सुंदर और स्मार्ट बनाने की दिशा में भगवंत मान सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। स्थानीय सरकार मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि लुधियाना की 15 किलोमीटर प्रमुख सड़कों को ह्यकम्प्लीट स्ट्रीट मॉडलह्ल के तहत पुनर्विकसित किया जाएगा, जिस पर करीब 162 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना का उद्देश्य सड़कों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि पैदल चलने वालों, साइकिल चालकों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, स्ट्रीट वेंडरों और आम नागरिकों के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक बनाना है। अब लुधियाना की सड़कें ट्रैफिक कॉरिडोर नहीं बल्कि जीवंत



सार्वजनिक स्थल बनेंगी।

मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत 5.3 किलोमीटर चौड़े फुटपाथ, 15.7 किलोमीटर सुरक्षित साइकिल लेन, 40 रेन व सन शेल्टर, 10 सार्वजनिक शौचालय, 36 वाटर एटीएम और 250 वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने कहा कि एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा, बल्कि 3,633 नए पेड़ लगाए जाएंगे और 54 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पिट बनाए जाएंगे। साथ ही बेहतर ड्रेनेज, एलईडी लाइटिंग, लैंडस्केपिंग और जंक्शन सुधार भी किए जाएंगे।

परियोजना को पंजाब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा लागू किया जा रहा है और इसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसे अगस्त तक शुरू करने की योजना है। इसमें कर्ब रैंप, टैक्टाइल पाथ, जेब्रा क्रॉसिंग और टेबलटॉप क्रॉसिंग जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे बुजुर्गों और दिव्यांगों को आसानी होगी। संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट ट्रैफिक जाम कम करेगा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएगा, स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देगा और लुधियाना को उत्तर भारत का एक आधुनिक शहर मॉडल बनाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस परियोजना के दौरान सहयोग करें ताकि लुधियाना को सुरक्षित, हरित और स्मार्ट शहर बनाया जा सके।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 14 | SUNDAY 25-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लुधियाना में स्कूल से घर लौट रहे बच्चे की चाइना डोर से कटा गला, परिवार के इकलौते बेटे की हुई मौत

## क्या अब सरकार लुधियाना रुरल पुलिस व प्रशासनिक अफसरों पर लेगी एक्शन

लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। लुधियाना के समराला में कंजिन के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर स्कूल से घर वापिस लौट रहे एक 15 साल के नाबालिग का चाइना डोर से गला कट गया। जिसके बाद उसे अस्पताल दाखिल कराया गया।

जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक स्टूडेंट रौले गांव का तरणजोत सिंह है। मामले की सूचना मिलने पर थाना समराला की पुलिस मौके पर



पहुंची। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक तरणजोत सिंह ताया के बेटे प्रभजोत सिंह के साथ प्रीबोर्ड की परीक्षा देने के लिए शनिवार सुबह 9 बजे बुलेट पर स्कूल गया था। दोपहर 2 बजे छुट्टी हुई। इसके बाद दोनों घर लौट रहे थे। स्कूल से घर की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। बुलेट को प्रभजोत चला रहा था। अभी वह स्कूल से आधा किलोमीटर दूर समराला में बाइपास के पास पहुंचे थे कि अचानक उनके आगे चाइना डोर आ गई। प्रभजोत ने ब्रेक लगाई। लेकिन फिर भी तरणजोत के गले पर डोर से कट लग गया। इसके बाद दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में तरणजोत की मौत हो गई।

## परिवार ने प्रशासन खिलाफ लगाया धरना

इस घटना के बाद मृतक तरणजोत के परिजन और ग्रामीण गुस्से में आ गए हैं। जिस कारण उनकी तरफ से काफी रोष देखने को मिल रहा है। उन्होंने लुधियाना–चंडीगढ़ हाईवे पर धरना लगा दिया है। लोगों ने कहा कि हादसे वाली जगह पर कोई पुलिस प्रशासन का अधिकारी नहीं पहुंचा। समराला में चाइना डोर खूब बिक रही है।

## क्या अब पुलिस व प्रशासन पर एक्शन लेगी सरकार

वहीं आए दिन लुधियाना रुरल पुलिस की तरफ से चाइना डोर पर पुरी तरह से प्रतिबंध लगाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है कि सरेआम समराला में डोर बेची जा रही है। लेकिन पुलिस व प्रशासन इस पर रोक नहीं लगा पा रहा। अब देखना होगा कि क्या सरकार की तरफ से डोर पर पाबंदी लगाने में नाकामयाब रहे अफसरों पर एक्शन लिया जाएगा या नहीं।



# पंजाब की 10 लाख रुपये की हेल्थ इंश्योरेंस योजना शुरू, मोहाली सिविल अस्पताल में बन रहे बीमा कार्ड

मोहाली, यूटर्न, 24 जनवरी। महंगे इलाज से जूझ रहे आम लोगों के लिए पंजाब सरकार की 10 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा योजना अब कागजों से निकलकर जमीन पर दिखने लगी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा योजना का उद्घाटन होने के बाद शनिवार से मोहाली के फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल में हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड बनाने का काम शुरू कर दिया गया, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।



सुबह से ही सिविल अस्पताल परिसर में कार्ड बनवाने के लिए मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें लगी रहीं। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए, ताकि कार्ड निर्माण की प्रक्रिया बिना किसी अव्यवस्था के पूरी की जा सके। अस्पताल में भर्ती उन सभी मरीजों के कार्ड मौके पर ही बनाए गए, जिनका स्थायी पता पंजाब में दर्ज है। कार्ड बनवाने पहुंचे लोगों का कहना है कि यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लिए संजीवनी साबित होगी।

लोगों ने बताया कि गंभीर बीमारियों के इलाज में लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन अब 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलने से परिवार पर आर्थिक बोझ कम होगा। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पंजाब का पता जरूरी है। इस योजना के तहत सूचीबद्ध सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में कार्ड बनाने की प्रक्रिया को और तेज व व्यापक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें।

## क्राइम ब्रांच ने हथियार सप्लाई चेन के तीन सदस्य दबोचे, 1 देशी पिस्टल व 1 जिंदा कारतूस बरामद, तीनों आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर




पंचकूला, यूटर्न, 24 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की सतर्क गश्त और त्वरित कार्रवाई के चलते न केवल एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया, बल्कि पूछताछ के दौरान पूरे हथियार सप्लाई नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जनवरी को गश्त के दौरान पुलिस को गांव सकेतड़ी, पंचकूला के पास एक युवक के अवैध हथियार के साथ मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 इन्चार्ज मुकेश सैनी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस नहीं था।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विष्णु निवासी सैक्टर-26, चंडीगढ़, हाल किरायेदार मानव कॉलोनी, सकेतड़ी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना मनसा देवी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के अनुसार, आरोपी विष्णु से की गई पूछताछ के दौरान अवैध हथियार सप्लाई से जुड़े अन्य दो आरोपियों के नाम सामने आए। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज कुनाल शर्मा निवासी डेराबस्सी तथा पुष्कर सिंह निवासी बिहार (हाल किरायेदार डेराबस्सी) को गिरफ्तार कर लिया।

## 50 युवाओं ने स्वर्गीय देवेंद्र कुमार मक्कड़ की याद में किया रक्तदान और 172 का किया हेल्थ चेकअप

पंचकूला, यूटर्न, 24 जनवरी। स्वर्गीय देवेन्द्र कुमार मक्कड़ की याद में उनके परिवार के सदस्यो, श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला, निफा चंडीगढ़, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी द्वारा ब्लड बैंक, श्री गुरू हरकिशन चैरिटेबल हास्पिटल सोहाना, डाक्टर प्राची जैन ईएनटी स्पेशलिस्ट, डॉ अमनदीप कौर फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ शिवानी शर्मा आई स्पेशलिस्ट, बिग दवा बाजार, सेक्टर 16 पंचकूला के सहयोग से मार्केट सेक्टर 16 में रक्तदान जागरूकता शिविर और हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन बिग दवा बाजार के यश गर्ग एवं देवेन्द्र कुमार मक्कड़ के पुत्र आशीष मक्कड़ के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे।



## खन्ना में साइबर अपराधों पर पुलिस सख्त

- एस.एस.पी. डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने ली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



खन्ना, यूटर्न, 24 जनवरी। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए खन्ना पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी सिलसिले में एस.एस.पी. खन्ना डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने एस.पी. (डी) पवनजीत चौधरी और डी.एस.पी. (डी) मोहित सिंगला के साथ साइबर क्राइम थाना टीम की एक अहम अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में साइबर क्राइम थाना प्रभारी, आईटी अधिकारी, वित्तीय अधिकारी और संबंधित जांच अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान जिले में दर्ज साइबर अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गई। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, नकली लिंक, बैंकिंग व डिजिटल भुगतान से जुड़े मामलों पर विशेष चर्चा की गई।

# गणतंत्र दिवस रिहर्सल में हरियाणा पुलिस के जांबाज जवानों का दमखम, बाइक स्टंट और भव्य मार्च पास्ट ने मोहा मन

पंचकूला, यूटर्न, 24 जनवरी। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत आज आयोजित फूल ड्रेस रिहर्सल के दौरान हरियाणा पुलिस के जांबाज जवानों ने अनुशासन, साहस और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। रिहर्सल के दौरान पुलिस जवानों ने बाइक पर हैरतअंगेज स्टंट दिखाकर अपनी दक्षता और साहस का परिचय दिया, जिसे देख उपस्थित अधिकारी और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही फूल ड्रेस रिहर्सल के दौरान निकाले गए भव्य और सुसंगठित मार्च पास्ट ने परेड की गरिमा को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर जवानों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत की गई मास पीटी ने उनकी शारीरिक क्षमता, एकजुटता और अनुशासन को दर्शाया। पूरी रिहर्सल के दौरान परेड ग्राउंड देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान आयोजित होने वाली इस भव्य परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रतीक अग्रवाल, एएसपी रोहतक द्वारा किया जाएगा। प्रशासन द्वारा समारोह को सफल और यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण भी करेंगे।







RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 14 | SUNDAY 25-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

Aristocrat
SINCE 1960
LUDHIANA | JALANDHAR
Sale on Sale
EXTRA DISCOUNTS ON ALREADY REDUCED PRICES
MEN | WOMEN | KIDS

## चंडीगढ़ के प्रोफेसर की आपत्ति के बाद सुनिधि चौहान के कुछ गानों पर सवाल, गोवा शो से पहले नोटिस जारी






चंडीगढ़, यूटर्न, 24 जनवरी। बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान के चर्चित गानों को लेकर अब मंचीय प्रस्तुतियों पर बहस शुरू हो गई है। चंडीगढ़ में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर पंडितराव धरेन्नावर की शिकायत के बाद गोवा प्रशासन ने सुनिधि चौहान और कार्यक्रम आयोजकों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस गोवा के 1919 स्पोर्ट्स क्रिकेट स्टेडियम में 25 जनवरी को होने वाली उनकी लाइव परफॉर्मेंस से पहले जारी किया गया है। शिकायत में 'बीड़ी जलईले जिगर से' और 'वो शराबी' जैसे गानों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि इस तरह की प्रस्तुति समाज, खासकर बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसी आधार पर साउथ गोवा के डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर ने आयोजकों को निर्देश दिए हैं कि मंच से ऐसे गीतों का प्रदर्शन न किया जाए।


प्रोफेसर पंडितराव धरेन्नावर का कहना है कि लाइव कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में बच्चे और किशोर भी मौजूद रहते हैं। ऐसे में शराब, हिंसा और भड़काऊ संदेश देने वाले गीत समाज को गलत दिशा में ले जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के गानों से जुड़े कई हादसे पहले भी सामने आ चुके हैं, जिनमें लोगों की जान तक गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। आने वाले समय में सुनिधि चौहान के जयपुर सहित अन्य शहरों में होने वाले कार्यक्रमों पर भी नजर रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित प्रशासन को शिकायत दी जाएगी। उनका उद्देश्य कलाकारों को सेंसर करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। पंडितराव धरेन्नावर इससे पहले भी कई नामी गायकों के गीतों को लेकर आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। करण औजला, दिलजीत दोसांझ, शैरी मान और बब्बू मान जैसे कलाकारों के कुछ गानों को लेकर भी वे प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं। उनका मानना है कि जो गीत संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों के खिलाफ जाते हैं, उनका विरोध लगातार होना चाहिए। कर्नाटक मूल के पंडितराव धरेन्नावर वर्ष 2003 से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं और वर्तमान में चंडीगढ़ के सेक्टर-46 स्थित सरकारी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। पंजाब की संस्कृति से प्रभावित होकर उन्होंने पंजाबी भाषा बोलना, पढ़ना और लिखना भी सीखा है। वर्ष 2016 में पंजाब में हिंसक गानों से जुड़े एक हादसे के बाद उन्होंने ऐसे गीतों के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लिया था, जिसे वे आज तक जारी रखे हुए हैं।

## होजरी इंडस्ट्री पर संकट, अमेरिका से व्यापार समझौता जरूरी: पवन दीवान



लुधियाना, यूटर्न,24 जनवरी। लुधियाना की प्रमुख होजरी इंडस्ट्री पर बढ़ते दबाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना शहरी के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने केंद्र सरकार से अमेरिका के साथ शीघ्र व्यापार समझौता करने की मांग की है।दीवान ने कहा कि लुधियाना लंबे समय से देश का होजरी हब रहा है और यहां बने उत्पाद दुनिया भर में निर्यात होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उद्योग बढ़ती उत्पादन लागत, कच्चे माल, बिजली और लॉजिस्टिक्स खर्च से जूझ रहा है। अब अमेरिका द्वारा भारतीय कपड़ा निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने बताया कि ऊंचे टैरिफ के कारण अमेरिका को निर्यात अव्यावहारिक होता जा रहा है, जिससे ऑर्डर घट रहे हैं और कई इकाइयों पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। उद्योग संगठनों के अनुसार यदि हालात नहीं सुधरे तो हजारों श्रमिक, विशेषकर प्रवासी मजदूर, बेरोजगारी की चपेट में आ सकते हैं।

## क्या IT City Mohali अलॉटियों के हित पर डाका? GMADA ने लगाया ₹7,845 प्रति वर्ग गज अतिरिक्त चार्ज




मोहाली, यूटर्न, 24 जनवरी। एयरपोर्ट रोड स्थित GMADA की IT City स्कीम से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं पर एक बार फिर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया गया है। GMADA ने IT City के सभी मौजूदा अलॉटी और ट्रांसफरी से ₹7,845 प्रति वर्ग गज Enhancement Charges वसूलने का निर्णय लिया है, जिससे आम निवेशकों को लाखों रुपये अतिरिक्त चुकाने पड़ सकते हैं।

GMADA के अनुसार, तय समय में राशि जमा न करने पर ब्याज भी लगाया जाएगा, जो देरी के साथ बढ़ता जाएगा। यह फैसला 12 जनवरी 2026 को हुई GMADA की 38वीं बैठक में लिया गया, जिसमें "Assessment & Recovery of Additional Price from Present Allottee/Transferee of IT City Scheme" एजेंडा को मंजूरी दी गई।

### करीब 7000 परिवार होंगे प्रभावित

इस निर्णय का सीधा असर IT City के लगभग 7000 अलॉटियों पर पड़ेगा। कई अलॉटी पहले ही प्लॉट की पूरी कीमत चुका चुके हैं और अब अचानक लाखों रुपये का अतिरिक्त चार्ज उनके लिए बड़ी परेशानी बन गया है।

### एक्सपर्ट्स बोले -तय कीमत के बाद नई मांग गलत

रियल एस्टेट और उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि IT City स्कीम 2018 में तय दरों पर लॉन्च की गई थी। ऐसे में कई साल बाद अतिरिक्त रकम मांगना उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है। इससे न केवल निवेशकों का भरोसा कमजोर होता है बल्कि मोहाली के रियल एस्टेट सेक्टर पर भी असर पड़ सकता है।




## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Insurance Claim के अलावा Consumer Court में कौन-कौन से मामले आते हैं?

ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि Consumer Court केवल Insurance Claim से जुड़े विवादों के लिए होता है। जबकि वास्तव में Consumer Court का दायरा काफी व्यापक है और रोजमर्रा की ज़िंदगी से जुड़े कई मामलों में उपभोक्ता को यहीं से राहत मिलती है। जहाँ भी सेवा में कमी या उत्पाद में दोष हो, वहाँ Consumer Court का रास्ता खुला रहता है।

Consumer Court में सबसे आम मामलों में बैंक और वित्तीय संस्थानों से जुड़े विवाद आते हैं। गलत चार्ज लगाना, बिना सूचना के राशि काटना, लोन या क्रेडिट कार्ड से जुड़ी अनुचित शर्तें—ये सभी उपभोक्ता विवाद माने जाते हैं। इसी तरह टेलीकॉम सेवाओं में बार-बार नेटवर्क समस्या, गलत बिलिंग या सेवा बंद करने से जुड़े मामले भी Consumer Court में सुने जाते हैं।

रियल एस्टेट से जुड़े कई विवाद भी Consumer Court के दायरे में आते हैं। बिल्डर द्वारा फ्लैट समय पर न देना, वादे के अनुसार सुविधाएँ न देना, अतिरिक्त शुल्क माँगना या बुकिंग राशि लौटाने से इंकार करना—ये सभी उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माने जाते हैं। इसी तरह शिक्षा संस्थानों द्वारा अनुचित फीस वसूली या सेवाओं में कमी के मामलों में भी Consumer Court का सहारा लिया जा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग और ई-कॉमर्स के बढ़ते चलन के साथ Consumer Court में ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़ी है। खराब सामान मिलना, गलत उत्पाद भेजना, रिफंड न मिलना या ग्राहक सेवा की कमी—ये सभी उपभोक्ता विवाद हैं। अस्पताल, क्लिनिक और अन्य निजी सेवाओं में लापरवाही से जुड़े कुछ मामलों में भी उपभोक्ता मंच की भूमिका बनती है। यह समझना जरूरी है कि Consumer Court तभी लागू होता है जब व्यक्ति उपभोक्ता की भूमिका में हो। व्यक्तिगत या व्यावसायिक समझौते हर बार इसके दायरे में नहीं आते। सही मंच का चुनाव मामले की प्रकृति पर निर्भर करता है।

निष्कर्ष: Consumer Court केवल Insurance Claim तक सीमित नहीं है। बैंकिंग, रियल एस्टेट, टेलीकॉम, शिक्षा, ई-कॉमर्स और कई अन्य सेवाओं में यदि उपभोक्ता के साथ अन्याय हो, तो Consumer Court प्रभावी समाधान देता है। अपने अधिकारों की सही पहचान ही न्याय पाने का पहला कदम है।

# डीजीपी गौरव को भेंट किया मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाले २४३ घंटे के आखंड यज्ञ का निमंत्रण

## यज्ञ में आहुतियां डाल डीजीपी गौरव यादव करेंगे पंजाब में अमन शांति की प्रार्थना



लुधियाना, यूटर्न, 24 जनवरी। मां बगलामुखी धाम में 11 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले 243 घंटे के आखंड यज्ञ का निमंत्रण डीजीपी पंजाब गौरव यादव को भेंट किया। महंत प्रवीण चौधरी जी, सेवक मनप्रीत सिंह छतवाल,कर्ण शांडिल्या, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह जी की तरफ से दिए निमंत्रण को डीजीपी ने सहर्ष स्वीकार किया। गौरव यादव ने परिवार सहित यज्ञ में शामिल होने की बात करते हुए कहा मां बगलामुखी को न्याय की देवी बताते हुए कहा वह यज्ञ में आहुतियां डाल कर मां बगलामुखी के चरणों में पंजाब को नशामुक्त करने की प्रार्थना करेंगे। क्योंकि जगत जननी अधर्म, पाप और अन्याय को नष्ट कर न्याय की स्थापना करती हैं। इस दौरान उन्होने पंजाब पुलिस की तरफ से आखंड यज्ञ के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने का भी आश्वासन भी धाम प्रबंधन को दिया। प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि डीजीपी को यज्ञ के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी को 243 घंटे के अखंड महायज्ञ आरम्भ होगा, आखंड महायज्ञ की पूणाहुति 21 फरवरी को डाली जाएगी। मनप्रीत सिंह छतवाल,कर्ण शांडिल्या,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह ने महायज्ञ में देश भर से प्रसिद्ध भजन गायक व सेवक मां बगलामुखी का गुणगान करेगें।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

### अब पछताए होत क्या? जब चिड़िया चुग गई खेत।

यह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि हमारी व्यवस्था की गंभीर विफलता का आईना है। नोएडा में युवा इंजीनियर युवराज की मौत उस समय हुई, जब मौके पर ऐसे कोई ठोस प्रबंध मौजूद नहीं थे जो किसी भी आपात स्थिति में उसकी जान बचा सकते। न पर्याप्त सुरक्षा, न प्रशिक्षित बचावकर्मी, और न ही तुरंत सहायता की व्यवस्था। यह लापरवाही एक परिवार की पूरी दुनिया उजाड़ गई। सबसे मार्मिक तस्वीर उस मजबूर पिता की है, जिसकी बूढ़ी आँखें अपने ही बेटे को असहाय स्थिति में देखते हुए भी कुछ नहीं कर सकीं। एक पिता के लिए इससे बड़ा दर्द क्या हो सकता है? आज सरकार भले ही इस मामले की जांच SIT से कराए या NDRF की भूमिका पर सवाल उठाए, लेकिन क्या इन कार्रवाइयों से उस पिता को उसका बेटा वापस मिल पाएगा? जवाब साफ है-नहीं। सवाल यह नहीं है कि जांच कौन करेगा, सवाल यह है कि ऐसी घटनाएँ बार-बार क्यों होती हैं। क्या हमारी व्यवस्था हमेशा हादसे के बाद ही जागेगी? क्या सुरक्षा इंतजाम केवल कागजों तक सीमित रहेंगे? अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम लोग यूँ ही सरकारी खामियों के शिकार होते रहेंगे।

अब वक्त है कि जिम्मेदारी तय हो, जवाबदेही हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और ईमानदार प्रयास किए जाएँ-ताकि किसी और पिता को ऐसा दर्द न सहना पड़े।

## महाशिवरात्रि को राज्य स्तर पर मनाए पंजाब सरकार - बिट्टू गुंबर



लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। शिव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लुधियाना में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोसाइटी के प्रधान बिट्टू गुंबर ने आगामी 15 फरवरी को आने वाले महाशिवरात्रि पर्व को राज्य स्तर पर मनाने की जोरदार मांग उठाई। बिट्टू गुंबर ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र एवं आस्था से जुड़ा हुआ पर्व है, जिसे पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। उन्होंने पंजाब सरकार से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार अन्य धार्मिक पर्वों को राज्य स्तर पर मनाया जाता है, उसी प्रकार महाशिवरात्रि को भी सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि पंजाब सरकार महाशिवरात्रि को राज्य स्तर पर मनाती है तो इससे प्रदेश के हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा और समाज में आपसी सौहार्द व भाईचारे को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर शिव वेलफेयर सोसाइटी के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे, जिनमें कांग्रेस नेता पवन दीवान, इंद्रजीत टोनी, गौरव भगत, जश्नप्रीत सिंह, साहिल, अजय भगत, मनदीप सिंह आदि शामिल थे।

## स्प्रिंग डेल स्कूल में मेरा भारत महान थीम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान किंडरगार्टन के बच्चे देशभक्तों और सैनिकों की वेशभूषा में नजर आए। बच्चों ने वंदे मातरम्, भारत माता की जय और मेरा देश महान के नारे लगाकर देशभक्ति की भावना को उजागर किया। इसके साथ ही उन्होंने देश भक्ति के गीतों पर सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। स्कूल की माननीय चेयरपर्सन मैडम अविनाश कौर वालिया ने बच्चों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी बच्चों से अपने अंदर देश के प्रति सच्ची निष्ठा, प्रेम और भाईचारा पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# निगम के 135 करोड़ के टेंडरों में होने जा रहा बड़ा खेल!

## अधिकारी बना बिचौलिया, राजनेताओं-अफसरों को 3 प्रतिशत कमीशन मिलने की चर्चा

राजदीप सिंह सैनी
लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। लुधियाना नगर निगम में अक्सर ही टेंडरों को लेकर बड़ा हेरफेर के किस्से सामने आते हैं। वहीं पहले पूर्व एसई संजय कंवर भी रोजगार्डन के नवीनीकरण के टेंडर में 10 प्रतिशत कमीशन लेने के आरोप में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उसी तरह अब फिर से निगम के 135 करोड़ के टेंडरों में बड़ा हेरफेर होने जा रहा है। दरअसल, इन 135 करोड़ के 20 टेंडरों में बीड करने वाले ज्यादातर ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे नहीं है, जिसके बावजूद उन्हें इललीगल तरीके से टेंडर अलॉट करने की तैयारी है। जिसके चलते इन टेंडरों में खुलम खुला रिश्वत का खेल चलने वाला है। चर्चाएं हैं कि इन टेंडरों में राजनेताओं और निगम अफसरों को तीन प्रतिशत कमीशन मिलने वाली है। इस पूरे घोटाले में निगम के जोन-बी का एक सीनियर अधिकारी बिचौलिए का रोल अदा कर रहा है। जिसकी और से ठेकेदारों और राजनेताओं की आपसी सेटिंग करवाई जा रही है। चर्चा है कि चयनित ठेकेदारों को काम अलॉट होने पर उक्त कमीशन की सीनियर अधिकारी, राजनेताओं और निगम के अन्य प्रमुख अफसरों में बांदरबांट होगी। अब देखना होगा कि लोकल बॉडी विभाग के सीनियर अधिकारी मामले में क्या एक्शन लेते हैं।







### क्या अपनी छवि की तरह स्वच्छ कर सकेगें निगम

वहीं, इस मामले में अब सभी की नजरें लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा पर हैं। क्योंकि राज्य व लुधियाना



के लोग अच्छे से जानते हैं कि मंत्री अरोड़ा भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ है। अब देखना होगा कि क्या मंत्री अरोड़ा अपनी साफ छवि की तरह क्या निगम को भी स्वच्छ कर सकेगें। उनके आगे टेंडर घोटाले, कमीशन का खेल, अवैध बिल्डिंगों के मामले समेत तमाम चुनौतियां है। जिसके चलते अब सभी सही ठेकेदारों और शहरवासियों की नजरें उन पर हैं कि वह नियमों के मुताबिक 135 करोड़ के सभी टेंडरों की रीटेंडरिंग करवाकर शर्तें पूरी करने वाले ठेकेदारों को उनका हक दिला सकेगें या नहीं।

### 90 प्रतिशत ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे नहीं

- जानकारी के अनुसार निगम द्वारा नवंबर 2025 में 135 करोड़ के करीब 20 टेंडर लगाने का ऐलान दिया था। यह टेंडर सीमेंट व लुक की सड़कें बनाने के लगने हैं। जिसमें कई ठेकेदारों द्वारा बीड की गई। चर्चा है कि अब जब टेंडर खुले तो पता चला कि बीड करने वाले 90 प्रतिशत ठेकेदारों के दस्तावेज टेंडर की शर्तों के मुताबिक पूरे ही नहीं है।

### सीनियर अधिकारी द्वारा जबरन टेंडर दिलाने का प्रयास

- चर्चा है कि ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे न होने पर अब निगम का खुद को सीनियर अफसर कहने वाले जोन-बी के सीनियर अधिकारी द्वारा इस टेंडर में बड़ा खेल करने की तैयारी कर ली गई है। उनकी और से बिचौलिए का रोल अदा करते हुए ठेकेदारों की राजनेताओं व अफसरों के साथ सेटिंग करवाई गई है। जिसके चलते उक्त सीनियर अधिकारी द्वारा अब ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे न होने के बावजूद शर्तों में हेरफेर करके और कइयों को इन्हीं अधुरे दस्तावेजों पर टेंडर अलॉट करवाए जा रहे हैं। जिसमें तीन प्रतिशत कमीशन मांगी गई है।

### एक कंपनी ने जबरन बीड से बाहर करने पर भेजा लीगल नोटिस

वहीं इस टेंडर के खेल में जो ठेकेदार कमीशन देने के लिए राजी है, उसे रखा जा रहा है। बाकियों को बाहर कर दिया जा रहा है। वहीं कंस्ट्रक्शन फर्म सौम्या इन्फ्रास्ट्रक्चर के पार्टनर सुनीत अरोड़ा द्वारा लीगल नोटिस जारी किया गया है। उनका आरोप है कि उनके टेंडरों की शर्तों के मुताबिक दस्तावेज पूरे करके दो टेंडरों में बीड की। लेकिन जानबूझकर उनके दस्तावेज गलत बातकर बीड से बाहर कर दिया। इस संबंधी लोकल बॉडी विभाग पंजाब के सेक्रेटरी, डायरेक्टर, कारपोरेशन लुधियाना के चीफ इंजीनियर, कमिश्नर, सुपरीटेडेंट इंजीनियर (टीआईसी) और टेंडर प्रोसेसिंग कमेटी के सभी मेंबर्स को लीगल नोटिस भेजा गया है।

### टेंडर में सभी हल्कों की सड़कें शामिल

जानकारी के अनुसार इस 135 करोड़ के टेंडर में सभी हल्कों की 2-3 सड़कें शामिल हैं। लेकिन अब देखना होगा कि क्या हल्कों के राजनेताओं को इस कमीशन के खेल की भनक है या नहीं। अगर नहीं है तो क्या अब वह इस मामले में एक्शन लेगें।

# विधायक बग्गा की अगुवाई में वॉर्ड 91 व 70 में लगाया गया सेहत बीमा योजना कैंप

लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। पंजाब के सीएम भगवंत मान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना को घर घर पहुंचाने के लिए आप पार्टी लीडरों द्वारा कमर कस ली गई है। इसी कड़ी के तहत हल्का नॉर्थ के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा की और से शनिवार को वार्ड नंबर 91 और 70 में इस योजना के तहत कैंप आयोजित किए। इस दौरान वॉर्ड वासियों के 10 लाख रुपए तक के इलाज के लिए मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना के कार्ड बनाए गए। इस दौरान विधायक बग्गा खुद मौके पर मौजूद रहे और लाभार्थियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान एसएमओ



कंवलजीत कौर, काउंसलर तजिंदर कौर राजा भी मौजूद रहे। इस मौके पर हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम के तहत कार्ड बनवाने वालों ने सीएम भगवंत मान शुक्रिया अदा किया। इस दौरान विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के हर वर्ग के साथ खड़ी है। पिछले 70 सालों से राज्य की जनता जिस सुविधा के लिए तर्स रही थी, आप सरकार ने 4 साल के कार्यकाल में वह कर दिखाया। इस बीमा योजना की की आम लोगों को जरूरत थी। इस मौके पर सहयोगी सदस्य कामराज बॉबी शर्मा, अनिल शर्मा, युवा अध्यक्ष अभय सहोता, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल रुद्रा, वार्ड अध्यक्ष सनी वासन, वार्ड युवा अध्यक्ष गितिक गुगलानी, ट्रेड विंग बॉबी राय, युवा अध्यक्ष वार्ड 91 कुलवंत सिंह मौजूद थे।

## दोस्त को घर से बुलाकर गोली मारकर की हत्या, कारोबारी का इकलौता बेटा बेटा था मृतक

लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। थाना पीएयू के अधीन आते गांव तलवाड़ा के पास घर से बुलाकर एक दोस्त की उसी के दोस्त ने गोली मारकर हत्या कर दी।



गोली लगने की सूचना मिलने पर थाना पीएयू की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जख्मी को डीएमसी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मृतक की पहचान गांव थरीके के जगजीत नगर के राजवीर सिंह खैरा (25) के रूप में हुई है। थाना पीएयू की पुलिस ने उसके दोस्त गांव पमाल के जुगराज सिंह पर मामला दर्ज किया है। अभी हत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार राजवीर सिंह कारोबारी परिवार का था। वह परिवार का इकलौता बेटा था और एमबीए का छात्र था। राजवीर का परिवार कारोबारी है। उनकी मोगा में पहले इंडिया मोटर्स ऑटो एजेंसी थी। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। परिवार के मुताबिक, गुरुवार की देर शाम करीब साढ़े तीन बजे राजवीर को उसका दोस्त घर से बुलाकर ले गया था। राजवीर ने घर से जाते वक्त भी बताया था कि वह एक दोस्त के साथ जा रहा है। जिसके बाद उसे गोली लगने की सूचना मिली।

## राकेश कपूर ने सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी के कार्यों की सराहना




लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी की ओर से सिविल लाइंस में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंजाब भाजपा के मीडिया पैनलिस्ट राकेश कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 2 फरवरी को लुधियाना रेलवे स्टेशन से गुरुधामों के दर्शनों के लिए रवाना होने वाले जत्थे को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कमेटी के मुख्य सेवादार कुलदीप सिंह दीपा ने यात्रियों को यात्रा से जुड़ी जाने व वापसी की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी को कुल 122 यात्रियों का जत्था सचखंड एक्सप्रेस के माध्यम से तख्त सचखंड श्री हजूर अबचल नगर नांदेड़ के दर्शनों के लिए रवाना होगा। इस दौरान राकेश कपूर ने सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी द्वारा संगत की सेवा में किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की और कहा कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सराहनीय हैं। बैठक में जोगा सिंह, अनूप सिंह, गुरमीत सिंह मीता, दविंदर सिंह, इकबाल सिंह, अमरजीत सिंह, लक्खा सिंह, प्रेम सिंह, कशमीर सिंह, गुरमीत कौर, हरप्रीत कौर, बलजीत कौर, मनमोहन कौर, महिंदर कौर, राजिंदर कौर, दलजीत कौर, स्वर्णजीत कौर, इंद्रजीत कौर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# कलयुगी देवर का तांडव, लोहे के डंडे से भाभी पर हमला कर घर का सामान तोड़ा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/24 जनवरी। कहते हैं देवर-भाभी का रिश्ता मां-बेटे समान होता है, लेकिन जगरंव के हठूर इलाके में एक देवर ने इस रिश्ते को तार-तार कर दिया। मामला गांव लक्खा (रुमी) का है, जहां एक देवर का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वजह सिर्फ इतनी सी थी कि भाभी ने बंद गेट को पार करने के लिए दीवार पर चढ़ने की जुर्रत कर दी। इसके बाद देवर ने आव देखा न ताव, गोबर उठाने वाले लोहे के नुकीले डंडे से भाभी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। यह घटना 17 जनवरी की है। पीड़ित परमजीत कौर ने पुलिस को बताया कि



वह अपनी सास हरबंस कौर के साथ अपने नए घर जा रही थीं। वहां पहुंचकर उन्होंने गेट खटखटाया, आवाजें लगाई, लेकिन अंदर मौजूद देवर ने अनसुना कर दिया और गेट नहीं खोला। काफी देर इंतजार के बाद जब सबर का बांध टूटा, तो परमजीत कौर ने फैसला किया कि वह दीवार फांदकर अंदर जाएंगी। जैसे ही वह दीवार पर चढ़ीं, सामने देवर गुरदीप सिंह गुस्से में आग-बबूला खड़ा था। उसके हाथ में लोहे का भारी छोहड़ा था। आरोप है कि गुरदीप ने पहले तो भाभी को गालियां दीं और फिर हमला कर दिया। घर में भी जमकर तोड़फोड़ मचाई। थाना हठूर के अरक्कुलवंत सिंह तुरंत हरकत में आए। पीड़ित भाभी के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवर गुरदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

# जगराओं सिविल हॉस्पिटल में विधायक मानुके ने मुख्यमंत्री सेहत बीमा कार्ड योजना शुरू करवाई

राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/24 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा पंजाब के लोगों को बड़े अस्पतालों में मुफ्त इलाज देने के मकसद से शुरू की गई हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड स्कीम को आज जगराओं के सिविल अस्पताल में हलका विधायक बीबी सरबजीत कौर मानूके ने लॉन्च किया। इस मौके पर हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम के तहत कार्ड बनवाने वालों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और हलका विधायक बीबी सरबजीत कौर मानूके का दिल से शुक्रिया अदा किया।




इस मौके पर अस्पताल में मौजूद लोगों ने कहा कि पंजाब सरकार की यह पहल बहुत अच्छी है और आम लोगों को इस सुविधा की जरूरत थी। इसके लिए वे पंजाब सरकार और हलका विधायक के बहुत शुक्रगुजार हैं। इस मौके पर विधायक सरबजीत मानूके ने यह भी कहा कि ये हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम कार्ड हर घर में मौजूद सभी परिवारों के बनाए जाएंगे और आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर घर-घर पहुंचकर पूरे परिवार का यह कार्ड बनाएंगे। जो लोग सिविल अस्पताल जाकर यह कार्ड बनवाना चाहते हैं, वे जब चाहें जाकर बनवा सकते हैं। इस मौके सिविल हॉस्पिटल की रटड गुरविंदर कौर ने बताया कि जिस किसी ने सिविल हॉस्पिटल आकर अपने यह सेहत बीमा कार्ड बनवाना है वो अपने साथ अपना वोटर कार्ड, आधार कार्ड ओर आधार कार्ड से लिंक वाला फोन भी साथ लेकर आए।

# पैसों के लालच में चाची ने करवाया नाबालिग भतीजियों का विवाह, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/24 जनवरी। समाज में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला जगरांव के गांव रूमी से सामने आया है। यहां पैसों के लालच में आकर एक महिला ने अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों के साथ मिलकर अपनी ही दो नाबालिग भतीजियों की जबरन शादी करवा दी। थाना सदर जगरांव की पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों पर कार्रवाई करते हुए 4 लोगों के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। ए.एस.आई. मनजीत सिंह ने बताया कि गांव रूमी के निवासी गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके छोटे भाई लखवीर सिंह की पत्नी सुनीता रानी की करीब 15 साल पहले मौत हो चुकी थी। उनकी तीन बेटियां की देखभाल पहले दादा-दादी करते रहे। दो साल पहले माता-पिता की मौत के बाद गुरप्रीत सिंह ही अपनी इन यतीम भतीजियों की देखभाल कर रहा था।




## घर पर गायब दिखी लड़कियां

गुरप्रीत सिंह के मुताबिक, तारीख 6 जुलाई को जब वह काम से वापस आया तो तीनों भतीजियां घर से गायब थीं। पड़ोसन हरजिंदर कौर उर्फ मिंटो से पूछने पर उसने कोई जानकारी नहीं दी। कुछ दिनों बाद जब सबसे छोटी भतीजी पवनदीप कौर मिली, तो उसने रोते हुए सारी साजिश का पदार्फाश किया।

## कई लोगों पर मामला दर्ज

बच्ची ने बताया कि उसकी चाची सुखविंदर कौर, पड़ोसन हरजिंदर कौर, उसकी बेटियां और कुछ अन्य रिश्तेदारों ने पैसों के लालच में आकर कोमल कौर और कर्मजीत कौर का विवाह उनकी मर्जी के बिना जबरदस्ती करवा दिया है। इस साजिश में बिचौलिया रेशम कौर और ताये का लड़का लखा सिंह भी शामिल थे। पुलिस ने सुखविंदर कौर पत्नी मनजीत सिंह (निवासी अहमदगढ़ छन्ना), लखा सिंह पुत्र चरण सिंह (निवासी रूमी), रेशम कौर पत्नी गुरनाम सिंह (निवासी इयाली कलां, लुधियाना), हरजिंदर कौर उर्फ मिंटू पत्नी शाम सिंह (निवासी रूमी) खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सुधार और रायकोट में नशा करते दो युवक गिरफ्तार



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/24 जनवरी। लुधियाना ग्रामीण पुलिस की तरफ से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सुधार और थाना सिटी रायकोट क्षेत्रों में अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो युवकों को सार्वजनिक स्थानों पर नशा करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना सुधार पुलिस ने दाना मंडी के पास से हरदीप सिंह उर्फ रिंकू पुत्र तारा चंद निवासी धालीवाल को काबू कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं थाना सिटी रायकोट पुलिस ने रामगढ़ सिवियां रोड स्थित एक खाली प्लॉट से गुरदीप सिंह उर्फ कुक्का पुत्र परमजीत सिंह निवासी जौंला रोड को गिरफ्तार किया।

# गांव अखाड़ा में व्यक्ति द्वारा खुद को आग लगाकर आत्महत्या की कोशिश



जगरांव/यूटर्न/24 जनवरी। जगरांव के नजदीकी गांव अखाड़ा में शनिवार एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां काका सिंह नामक एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को आग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। पीड़ित की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए फरीदकोट रेफर किया गया है। पीड़ित के भाई चमकौर सिंह ने बताया कि उनका भाई काका सिंह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। घटना से कुछ समय पहले वे दोनों भाई साथ बैठे थे, लेकिन जैसे ही वे अपने-अपने घर गए तो अचानक शोर मच गया। जब परिवार के सदस्यों ने भागकर देखा तो काका सिंह आग की लपटों में घिरा हुआ था। चमकौर सिंह और उनके बेटे ने बड़ी मुश्किल से आग बुझाकर उसे बचाने की कोशिश की। परिवार द्वारा झुलसी हालत में काका सिंह को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल जगरांव लाया गया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने मरीज की हालत को बेहद गंभीर और नाजुक देखते हुए, प्राथमिक उपचार के बाद उसे फरीदकोट मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

## पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही चौकी कौंके कलां के एएसआई धर्मेंद्र सिंह पुलिस पार्टी सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें गांव अखाड़ा से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली है। एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि फिलहाल पीड़ित उपचाराधीन है और इस मामले में परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज करने के बाद जो भी कानूनी कार्रवाई बनेगी, अमल में लाई जाएगी।

यूटर्न टाइम

# बलटाना विकास नगर में सीवरेज लाइन के बाद सड़क की बदहाल स्थिति, राहगीर की कार फंसी कीचड़ में

जीरकपुर, यूटर्न, 24 जनवरी। बलटाना के विकास नगर इलाके में सीवरेज लाइन बिछाने के काम के बाद सड़क की खराब हालत ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार सुबह एक राहगीर की कार सड़क पर फैले कीचड़ में फंस गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इससे स्थानीय लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।




जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से इलाके में सीवरेज लाइन डालने का काम चल रहा था, जिसके कारण सड़क खोद दी गई थी। काम पूरा होने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई, जिससे बारिश और पानी भराव की वजह से सड़क की हालत और बिगड़ गई है। इस कारण पैदल चलने वाले और वाहन चालक दोनों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने कहा, नगर परिषद को सड़क तोड़ने में तो एक मिनट भी नहीं लगता, लेकिन काम खत्म होने के बाद सड़क को ठीक कराने में महीनों लग जाते हैं। वे नगर परिषद से मांग कर रहे हैं कि सीवरेज कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़क की मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

> “ सीवरेज लाइन डालने का काम सीवरेज बोर्ड का था। बारिश पड़ने के बाद मिट्टी धीरे-धीरे सेट हो जाएगी और उसके बाद इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर सड़क का काम पूरा कर दिया जाएगा।
>
> — अमनदीप सिंह, जेई नगर परिषद जीरकपुर

# जीरकपुर में आवारा कुत्तों की समस्या बनी गंभीर जनसुरक्षा संकट

## पांच महीने से बंद नसबंदी, नगर परिषद की सुस्ती पर उठे सवाल





जीरकपुर, यूटर्न, 24 जनवरी। जीरकपुर शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब आम समस्या नहीं, बल्कि गंभीर जनसुरक्षा संकट का रूप ले चुकी है। हालात यह हैं कि पिछले करीब पांच महीनों से आवारा कुत्तों की नसबंदी प्रक्रिया पूरी तरह बंद पड़ी है, लेकिन नगर परिषद की लापरवाह कार्यप्रणाली के चलते समाधान सिर्फ कागजों और फाइलों तक ही सीमित नजर आ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि इस दौरान नगर परिषद द्वारा तीन बार टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, इसके बावजूद आज तक नसबंदी कार्य का वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया। इसका सीधा खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। सड़कों, गलियों और रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोग दहशत में हैं। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

शहर के विभिन्न इलाकों से रोजाना कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दूसरी बार उसी संस्था को मिला टेंडर, फिर भी वर्क ऑर्डर लंबित जानकारी के अनुसार, तीसरी बार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी उसी संस्था को नसबंदी का काम अलॉट किया गया है, जिसने पहले जीरकपुर में करीब 720 आवारा कुत्तों की नसबंदी की थी। इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा अब तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सब कुछ तय है, तो आखिर काम शुरू क्यों नहीं हो पा रहा?




### जनवरी में ही दर्जनों लोग बने शिकार

जनवरी 2026 के केवल 23 दिनों में ही दर्जनों लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो चुके हैं। बलटाना क्षेत्र से रोजाना शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, लोहगढ़ क्षेत्र के सिगमा सिटी चौक के आसपास आवारा कुत्तों की संख्या 40 से 50 तक पहुंच चुकी है। स्थानीय लोग डर के कारण सुबह-शाम घर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं।

### नसबंदी के लिए बना अस्पताल खुद बदहाल

जिस अस्पताल में आवारा कुत्तों की नसबंदी होनी है, उसकी हालत खुद इलाज के लायक नहीं है ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन टेबल इंटरलॉक टाइलों पर खड़ी है डॉक्टर रूम कबाड़खाने में तब्दील हो चुका है कुत्तों के पिंजरों के बीच बनी गैलरी में गंदगी और बदबू फैली हुई है स्टाफ के कमरे भी गंदगी से अटे पड़े हैं।

# जीरकपुर नगर परिषद की साधारण बैठक में 30 एजेंडों पर चर्चा, कई विकास प्रस्तावों को मिली मंजूरी



जीरकपुर, यूटर्न, 24 जनवरी। नगर परिषद जीरकपुर की साधारण बैठक मंगलवार को 27 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे नगर परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन ने की, जबकि इसमें कार्यकारी अधिकारी (ईओ), पार्षदों और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़े कुल 30 एजेंडा आइटम चर्चा के लिए रखे गए, जिन पर विस्तार से विचार-विमर्श के बाद कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरूआत 26 दिसंबर 2025 को हुई पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट को सर्वसम्मति से मंजूरी देने के साथ हुई। इसके बाद विकास कार्यों, बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, एमटीपी लाइट्स, कम्युनिटी सेंटर और अवैध निर्माण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

नगर परिषद की बैठक में गांव ढकोली, बलटाना, नागल, किशनपुरा, रामगढ़ सहित अन्य इलाकों में सड़कों और गलियों के निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम सुधार और स्ट्रीट लाइट लगाने से जुड़े प्रस्ताव पास किए गए। कई वार्डों में लंबे समय से खराब पड़ी लाइटों को बदलने और नई एलईडी व एमटीपी लाइट्स लगाने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में 220 केवी सब-स्टेशन, बिजली कनेक्शन, ट्रांसफॉर्मर और ओवरलोडिंग की समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। इसके साथ ही पानी की सप्लाई, पाइपलाइन और मोटरों से जुड़ी समस्याओं को भी बैठक में उठाया गया।

# पटियाला रोड पर अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद



जीरकपुर, यूटर्न, 24 जनवरी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे जीरकपुर के पटियाला रोड पर उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। दोपहर के समय स्थानीय लोगों ने शव पड़ा देखा और तुरंत जीरकपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने शव को करीब दो से तीन दिन पुराना बताया है। शव की स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डेराबस्सी सिविल अस्पताल भिजवाया। इस मामले में जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि शव को 72 घंटों के लिए डेराबस्सी सिविल अस्पताल में रखवाया जाएगा। यदि इस दौरान मृतक की पहचान नहीं हो पाती है, तो उसके बाद पोस्टमार्टम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और लापता लोगों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

यूटर्न टाइम

# 2027 के चुनावों के लिए अकाली दल एक्टिव! सुखबीर बादल ने अहम मीटिंग बुलाई

नवीन गोगना

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 जनवरी। शिरोमणि अकाली दल ने आने वाले 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आज अकाली दल के प्रेसिडेंट सुखबीर सिंह बादल की लीडरशिप में चंडीगढ़ में पार्टी हेडक्वार्टर में सभी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट और चुनाव क्षेत्र इंचार्ज की एक खास मीटिंग बुलाई गई।



सुखबीर सिंह बादल ने साफ किया कि पार्टी 2027 के चुनावों के लिए पहले से ही तैयारी कर रही है ताकि जमीनी लेवल पर वर्कर को मोबिलाइज किया जा सके। मीटिंग के दौरान पंजाब के मौजूदा पॉलिटिकल हालात, लोगों की दिक्कतों और पार्टी को मजबूत करने के लिए नई स्ट्रैटेजी बनाने पर चर्चा हुई। चुनाव क्षेत्र इंचार्ज को अपने-अपने इलाकों में जाकर लोगों से सीधा कॉन्टैक्ट बनाने और उन्हें पार्टी की पॉलिसी से अवेयर करने के निर्देश दिए गए।

# गौशाला हादसे के बाद प्रशासन सख्त, चंडीगढ़ में 1600 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 जनवरी। रायपुरकलां स्थित गौशाला में पॉलीथीन खाने से 50 से अधिक गायों व गोवंश की मौत के बाद चंडीगढ़ प्रशासन हरकत में आ गया है। नगर निगम ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1600 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए हैं। नियमों की अनदेखी करने वाले सप्लायर के खिलाफ मौके पर ही चालान काटा गया।



जानकारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गायों के पेट से पॉलीथीन मिलने के बाद इस मामले ने गंभीर रूप ले लिया था और मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। इसके बाद प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए थे। इन्हीं निर्देशों के तहत नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षकों की विशेष टीम ने छापेमारी कर प्लास्टिक कैरी बैग की अवैध आपूर्ति में शामिल सप्लायर की पहचान की और भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त की। निगम अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई तय नियमों और पर्यावरण मानकों के अनुसार की गई। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि जब्त किए गए सभी प्लास्टिक कैरी बैग को प्रोसेसिंग प्लांट भेज दिया गया है, जहां इनका वैज्ञानिक पद्धति से निपटान किया जाएगा, ताकि यह दोबारा बाजार में न पहुंच सके। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़ के लक्ष्य को लेकर निगम कोई ढिलाई नहीं बरतेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। साथ ही, उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से पर्यावरण हित में प्लास्टिक के विकल्प अपनाने की अपील की।

# 27 जनवरी से चंडीगढ़ में 'एमसी वन पास' लागू, एक पास से शहर भर में पार्किंग की सुविधा

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 जनवरी। शहर की पार्किंग व्यवस्था को आसान और पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में चंडीगढ़ नगर निगम 27 जनवरी से ह्यएमसी वन पासह्न पार्किंग सिस्टम शुरू करने जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत अब वाहन चालकों को हर जगह अलग-अलग पार्किंग शुल्क देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही मासिक पास से नगर निगम की सभी अधिसूचित पार्किंग में वाहन खड़ा किया जा सकेगा। नई प्रणाली के अनुसार दोपहिया वाहन चालकों के लिए मासिक पार्किंग पास 250 रुपये और चारपहिया वाहन चालकों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। यह पहल स्मार्ट सिटी मिशन के तहत नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से लागू की जा रही है।

इस योजना की खास बात यह है कि



नागरिकों को पास बनवाने के लिए किसी दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एमसी चंडीगढ़ या बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाइट पर जाकर, पार्किंग स्थलों पर उपलब्ध क्यूआर कोड या अखबारों में प्रकाशित क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन मासिक पास प्राप्त किया जा सकेगा। 'एमसी वन पास' नगर निगम द्वारा संचालित प्रमुख पार्किंग स्थलों पर मान्य होगा। इनमें एलांते मॉल के सामने की सतही पार्किंग, सेक्टर-17, 22 और 35 की पार्किंग, सुखना लेक पार्किंग और सेक्टर-17 की मल्टी-लेवल पार्किंग सहित अन्य अधिसूचित पार्किंग स्थल शामिल हैं।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था पार्किंग प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और तकनीक-आधारित बनाएगी। आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से इस पास सिस्टम को शहर के अन्य पार्किंग स्थलों तक भी विस्तार दिया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि 'एमसी वन पास' सिस्टम से मैनुअल प्रक्रिया में कमी आएगी और आम नागरिकों को सुगम व भरोसेमंद पार्किंग सुविधा मिलेगी, जिससे स्मार्ट अर्बन मोबिलिटी को मजबूती मिलेगी।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शहर में हाई अलर्ट, स्पेशल DGP ने लिया प्रबंधों का जायजा



लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। पंजाब भर में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सरहिंद में रेलवे लाइन पर हुए धमाके के बाद पुलिस हाई अलर्ट मोड पर आ गई। पुलिस ने पंजाब भर में सुरक्षा को लेकर डिटेल सिक्योरिटी अरेंजमेंट प्लान तैयार कर दिया है। पुलिस ने पब्लिक से अपील की है कि अगर उन्हें कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु दिखती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। शनिवार को पंजाब पुलिस के स्पेशल डीजीपी सिक्योरिटी एसएस श्रीवास्तव लुधियाना पहुंचे और उन्होंने पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। लुधियाना पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के समारोह स्थल समेत पूरे शहर के लिए डिटेल सिक्योरिटी प्लान तैयार किया है और उसके हिसाब से बाकायदा फोर्स भी तैनात की जा रही है।

## ऑनलाइन ऑर्डर में खराब खाद्य सामग्री, उपभोक्ता आयोग ने ह्यनिक बेकर्सह्न पर लगाया ₹1 लाख का दंड

मोहाली, यूटर्न, 24 जनवरी। ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग में गुणवत्ता को लेकर एक अहम फैसले में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सेक्टर-70 स्थित प्रसिद्ध बेकरी ह्यनिक बेकर्सह्न को दोषी ठहराया है। आयोग ने सेवाओं में कमी और उपभोक्ता को मानसिक प्रताड़ना पहुंचाने के मामले में बेकरी पर कुल एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश दिए हैं। मामला सेक्टर-78 निवासी सरप्रीत कौर की शिकायत से जुड़ा है।



शिकायत के अनुसार, उन्होंने 8 सितंबर 2025 को जोमैटो ऐप के माध्यम से आटा ब्रेड और आटा सूजी रस्क ऑर्डर किया था। जब उत्पाद मिला तो रस्क के सीलबंद पैकेट के अंदर मक्खियां और कीड़े पाए गए, जिससे खाद्य पदार्थ पूरी तरह से अनुपयोगी साबित हुआ। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस गंभीर लापरवाही की जानकारी ई-मेल के जरिए दिए जाने के बावजूद निक बेकर्स ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और सारा दोष डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर डाल दिया। आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और सुरक्षा की जिम्मेदारी सीधे तौर पर निमार्ता और विक्रेता की होती है। आयोग ने यह भी गंभीरता से नोट किया कि नोटिस जारी होने के बावजूद निक बेकर्स ने निर्धारित 45 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल नहीं किया, जिसे उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन रवैया माना गया। फैसले में आयोग ने शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा के लिए मुआवजा देने के साथ-साथ पीजीआई के ह्यपुअर पेशेंट रिलीफ फंडह्न में निर्धारित राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश का पालन 30 दिनों के भीतर न करने की स्थिति में जुर्माने की राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी वसूला जाएगा।

# गोल्डन टेंपल सरोवर में बेअदबी करने वाले पर होगी FIR, अमृतसर पुलिस को कंप्लेंट करेगी एसजीपीसी

अमृतसर/यूटर्न/24 जनवरी। अमृतसर में गोल्डन टेंपल के पवित्र सरोवर में मुस्लिम युवक के कुल्ला करने का मामला थम नहीं रहा है। युवक 2 बार माफी मांग चुका है लेकिन उसके तरीके से सिख समुदाय नाखुश है। इसको लेकर अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) मुस्लिम युवक के खिलाफ FIR दर्ज कराएगी। एसजीपीसी के लीगल एडवाइजर अमनबीर सिंह सियाली ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द इस मामले में पुलिस को शिकायत




दी जाएगी। एसजीपीसी के मुताबिक जांच में सामने आया कि युवक बेअदबी की नीयत से ही अंदर आया था। वह करीब 20 मिनट तक गोल्डन टेंपल में रहा लेकिन उसने माथा नहीं टेका। मामले में कार्रवाई न करने पर एसजीपीसी की आलोचना हो रही थी।

### योगा महिला ने सवाल किए थे खड़े

गोल्डन टेंपल में योग करने वाली गुजरात की अर्चना मकवाना जैसे इस युवक पर केस दर्ज न कराने से सवाल भी खड़े किए जा रहे थे। वहीं एसजीपीसी के कुछ कदम न उठाने के बाद निहंगों ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शिकायत दे दी थी। इसमें निहंगों का कहना था कि जिस तरह की हरकत युवक ने की, वह सिखों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है। निहंगों ने चेतावनी दी कि सिख समुदाय पर अक्सर कानून हाथ में लेने के आरोप लगाए जाते हैं, इसलिए वे सबसे पहले कानून के दायरे में रहकर पुलिस के पास आए हैं।

# पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़, एक अपराधी को लगी गोली



लुधियाना/यूटर्न/24 जनवरी। लुधियाना के लोहारा पुल पर असलह लेकर आ रहे बदमाशों और एसटीएफ की टीम में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। टीम ने जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश के गोली लग गई। जिसके बाद उसे पकड़ लिया। जब बदमाश को सिविल अस्पताल लाया गया तो उसने वहां से भी भागने की कोशिश की। आरोपी की पहचान तरनदीप के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी असलह लेकर आ रहे है। जिसके चलते उन्हें लोहारा पुल पर रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस आरोपी के साथियों की भी तलाश कर रही है।

# अंतरराष्ट्रीय लेखक और शिक्षाशास्त्री ने पीएम को लिखा पत्र, सुभाष चंद्र बोस की अस्थियों के डीएनए टेस्ट कराने की मांग

पटियाला/यूटर्न/24 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय लेखक और शिक्षा शास्त्री अनिल कुमार भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर मांग की है कि वे टोक्यो जापान के रेंकोजी मंदिर में सुरक्षित रखी गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की अस्थियों का डीएनए टैस्ट करवाकर उनके जीवन/मृत्यु सम्बन्धी रहस्यों से पर्दा उठाए। इस तरह कर वह अपना वचन पूरा करने के साथ साथ भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भारत की जनता के प्रति अपना कर्तव्य भी निभाएं। अंतरराष्ट्रीय लेखक और शिक्षाशास्त्री अनिल कुमार भारती एक समाजसेवी जागरूक नागरिक और सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उन्होंने इस पत्र के माध्यम से राष्ट्र के एक ऐसे विषय की ओर प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान आकर्षित किया है, जो करोड़ों भारतीयों की भावनाओं और हमारे



राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन/मृत्यु 1945 से ही एक रहस्य है। कुछ आधिकारिक दस्तावेजों में 18 अगस्त 1945 की विमान दुर्घटना को स्वीकार भी किया है, किंतु मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट और भारतीय जनमानस में व्याप्त संदेह इस कथित सत्य पर प्रश्नचिह्न लगाते रहे हैं। वर्तमान समय में, जब भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है, इस अनसुलझे रहस्य को सुलझाना अब असंभव नहीं है। अतः शिक्षाशास्त्री अनिल भारती ने निम्नलिखित तर्कपूर्ण ढंग से यह मांग की है कि वैज्ञानिक समाधान के तौर पर टोक्यो के रेंकोजी मंदिर में सुरक्षित रखी गई अस्थियों का डी एन ए परीक्षण आधुनिक माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए तकनीक से कराए। यदि परीक्षण सकारात्मक रहता है, तो राष्ट्र पूरे सम्मान के साथ अपने महानायक की अस्थियों को भारत लाकर उनकी अंतिम विदाई की अधूरी रस्म को पूर्ण कर सकेगा। यदि परीक्षण नकारात्मक रहता है, तो हम सभी नए सिरे से सच की खोज कर सकेंगे।

# कालका में 2280 नशीली गोलियों के साथ तस्कर काबू, सप्लायर भी गिरफ्त में

पंचकूला,यूटर्न,24 जनवरी। पंचकूला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर नशीली दवाइयों की तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद की हैं। मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने सप्लाई चेन से जुड़े एक अन्य आरोपी को भी काबू कर लिया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जनवरी को क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक टिपरा बाईपास, कालका के पास नशीली गोलियों के साथ खड़ा है। सूचना के आधार पर इन्चार्ज दलीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान मन्दीप उर्फ




मनी वासी पिंजौर, पंचकूला उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद थैले से 2280 लोमोटिल की गोलियां बरामद की गईं। आरोपी के पास इन दवाइयों से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया, जिस पर पुलिस द्वारा ड्रग कंट्रोलर को भी सूचित किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कालका में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी मन्दीप को 20 जनवरी को कोर्ट में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने 21 जनवरी को इस नेटवर्क से जुड़े सप्लायर अतुल कुमार वासी कालका, पंचकूला को भी गिरफ्तार कर लिया। मन्दीप से आगे पूछताछ की आवश्यकता न होने के चलते उसे 22 जनवरी को एक दिन पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी अतुल को कोर्ट में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से नशे की सप्लाई चेन में शामिल अन्य लोगों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा पंचकूला पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नशीली दवाइयों की अवैध सप्लाई में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



# यूक्रेन, रूस ने लेटेस्ट अमेरिकी शांति योजना पर पहली सीधी बातचीत की

चंडीगढ़/यूटर्न/24 जनवरी। रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बातचीत करने वालों ने अबू धाबी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगभग चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पेश की गई योजना पर पहली सीधी बातचीत की। अमेरिका ने शुरू में संघर्ष को खत्म करने के लिए एक योजना का मसौदा तैयार किया था, जिसकी कीव और पश्चिमी यूरोप में रूस की लाइन के बहुत करीब होने के कारण कड़ी आलोचना हुई थी, जबकि बाद के प्रस्तावों की मॉस्को ने यूरोपीय शांति सैनिकों के विचार को सामने रखने के लिए आलोचना की थी।

शुक्रवार की बातचीत से पहले, जो शनिवार को भी जारी रही, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि क्षेत्र मुख्य मुद्दा बना हुआ है - मॉस्को ने कहा है कि वह अपनी इस मांग को नहीं छोड़ रहा है कि कीव अपने पूर्वी डोनबास क्षेत्र से हट जाए। बातचीत के पहले दिन के बाद, यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तम उमेरोव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि बैठक में रूस के युद्ध को खत्म करने के मापदंडों और बातचीत प्रक्रिया के आगे के तर्क पर ध्यान केंद्रित किया गया था, और कहा कि शनिवार के लिए बैठकें निर्धारित थीं। जब यह रिपोर्ट लिखी जा रही है, तब बातचीत जोर-शोर से चल रही है।



### पहले दो दिन तक चलनी थी बातचीत

यूएई विदेश मंत्रालय ने पहले एक बयान में कहा था कि बातचीत दो दिनों तक चलने वाली थी और यह बातचीत को बढ़ावा देने और संकट के राजनीतिक समाधान खोजने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। ट्रंप ने गुरुवार (22 जनवरी) को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में जेलेंस्की से मुलाकात की और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने बाद में क्रेमलिन में व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत की।

### डोनबास विवाद

यह अमीरात बैठक ऐसे समय हुई जब रूसी हमलों के कारण कीव में हजारों लोग शून्य से नीचे के तापमान में बिना हीटिंग के थे। यूरोपीय संघ, जिसने सैकड़ों जेनरेटर भेजे हैं, ने मॉस्को पर जानबूझकर नागरिकों को गर्मी से वंचित करने का आरोप लगाया। कीव ने कहा कि रूसी हमलों में शुक्रवार को खार्किव क्षेत्र में तीन लोग और रात भर पूर्व में चार लोग जिसमें एक पिता और उसका पांच साल का बेटा शामिल है, मारे गए। जबकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे खराब संघर्ष को खत्म करने के लिए कूटनीति ने गति पकड़ी है, मॉस्को और कीव क्षेत्र के मुद्दे पर गतिरोध में फंसे हुए दिखते हैं।

### कीव को डोनबास से हटाने की मांग कायम

व्लादिमीर पुतिन के मॉस्को में विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से मिलने के घंटों बाद, क्रेमलिन ने कहा कि कीव को पूर्वी डोनबास क्षेत्र से हटने की उसकी अधिकतम मांग अभी भी कायम है। जेलेंस्की ने शुक्रवार (23 जनवरी) को बातचीत से पहले पत्रकारों से कहा, रडोनबास एक अहम मुद्दा है,र उन्होंने कहा कि वह और ट्रंप दावोस में युद्ध के बाद सुरक्षा गारंटी पर सहमत हुए थे। बाद में एक ऑनलाइन पोस्ट में, उन्होंने कहा: यह जरूरी है कि न सिर्फ यूक्रेन में युद्ध खत्म करने और पूरी सुरक्षा हासिल करने की इच्छा हो, बल्कि रूस में भी किसी तरह ऐसी ही इच्छा जागे।

### पहले इस्तांबुल में हुई थी मुलाकात

रूसी और यूक्रेनी वार्ताकार पिछली बार पिछले गर्मियों में इस्तांबुल में आमने-सामने मिले थे, उन बातचीत में सिर्फ पकड़े गए सैनिकों की अदला-बदली पर ही सहमति बनी थी। अबू धाबी में हुई बैठक पहली बार थी जब वे ट्रंप प्रशासन की योजना पर बात करने के लिए एक-दूसरे के सामने आए। पुतिन ने बार-बार कहा है कि अगर बातचीत फेल होती है तो मॉस्को पूर्वी यूक्रेन पर जबरदस्ती पूरा कंट्रोल हासिल कर लेगा। क्रेमलिन में रूस-अमेरिका बातचीत के बाद, पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने जोर देकर कहा कि मॉस्को कूटनीतिक तरीके से युद्ध को रहल करने में सच में दिलचस्पी रखता है।

### पहले ट्रंप ने यूक्रेन पर डाला था दबाव

लेकिन उन्होंने आगे कहा कि जब तक ऐसा नहीं होता, रूस अपने मकसद... युद्ध के मैदान में हासिल करता रहेगा। ट्रंप ने पहले यूक्रेन पर ऐसे शर्तों पर सहमत होने का दबाव डाला था जिन्हें कीव आत्मसमर्पण मानता है। ट्रंप ने बुधवार (21 जनवरी) को अपने इस विश्वास को दोहराया कि पुतिन और जेलेंस्की एक डील के करीब हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वे अब ऐसे मोड़ पर हैं जहाँ वे एक साथ आकर एक डील कर सकते हैं। और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे बेवकूफ हैं - यह बात दोनों पर लागू होती है।

## हिमाचल में बर्फ 'भारी': फंसे 600 टूरिस्ट, भूखे-प्यासे गाड़ियों में काटी रात



नवीन गोगना

शिमला, 24 जनवरी (युटर्न) हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण 600 से ज्यादा टूरिस्ट जगह जगह फंसे हुए है। मनाली में बड़ी संख्या में रास्ता बंद होने के कारण पर्यटकों ने पूरी रात गाड़ियों में बिताई। इनके पास खाने-पीने को कुछ नहीं है। माइनस में टैम्परेचर के बावजूद ठंड से बचने को कंबल तक नहीं है। इससे कई पर्यटकों की हालत बिगड़ गई। मनाली के 16 व 17 मील के पास 100 से भी ज्यादा गाड़ियां फंसी है। सड़क पर भारी बर्फ होने के कारण गाड़ियों की आवाजाही नहीं हो पा रही।

शिमला, कुफरी और नारकंडा में भी बर्फबारी के कारण वाहनों की आवाजाही बंद है। इससे शहर की सड़कों पर रात दो-तीन बजे तक टूरिस्ट गाड़ियों में फंसे रहे। बर्फ पर गाड़ियां स्किड हो रही है। शिमला, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला का हिमाचल से संपर्क कट गया है। प्रदेश में पांच नेशनल हाईवे समेत 1290 सड़कें और 8500 से ज्यादा बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं।

## दिल्ली में दीवारों पर 'खालिस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लिखे मिले; सिक्योरिटी एजेंसियां हाई अलर्ट पर



नई दिल्ली, युटर्न, 24 जनवरी। राजधानी दिल्ली में दीवारों पर 'खालिस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लिखे होने का मामला सामने आया है। इन घटनाओं ने सिक्योरिटी एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस और जांच टीमें पूरी तरह अलर्ट हैं। यह मूवमेंट रिपब्लिक डे परेड और सिक्योरिटी के मद्देनजर खतरनाक सिग्नल दे रहा है। 26 जनवरी (रिपब्लिक डे) से पहले ऐसी एक्टिविटीज को सिक्योरिटी एजेंसियां सीरियसली ले रही हैं। दिल्ली पुलिस ने इलाके के CCTV फुटेज की जांच शुरू कर दी है ताकि नारे लिखने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा सके। पूरी राजधानी में सिक्योरिटी कड़ी कर दी गई है और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# PGIMER में आयुरयोग सेंटर की ऐतिहासिक पहल

## योग-आयुर्वेद-आधुनिक चिकित्सा के समन्वय से चंडीगढ़ बनेगा ग्लोबल वेलनेस हब

चंडीगढ़/यूटर्न/24 जनवरी। देश की अग्रणी चिकित्सा संस्था PGIMER ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम उठाते हुए योग, आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा को एकीकृत करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। इस पहल के तहत चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का 'आयुरयोग सेंटर' स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है, जो जीवनशैली जनित बीमारियों के उपचार और शोध का वैश्विक मॉडल बनेगा।

इस उद्देश्य से 23 जनवरी 2026 को यूटी गेस्ट हाउस, सेक्टर-6 में 'योग: सिद्धांत, अभ्यास और शोध का स्वास्थ्य-केंद्रित दृष्टिकोण' विषय पर उच्चस्तरीय विशेषज्ञ बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य, प्रशासन और शिक्षा जगत के दिग्गजों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों की सर्वसम्मत सिफारिश चंडीगढ़




में बने अंतरराष्ट्रीय आयुरयोग सेंटर बैठक की अध्यक्षता पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव जे. बालामुरुगन ने की। आयोजन PGIMER के CCRYN–Collaborative Centre for Mind Body Intervention through YogÔ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. अक्षय आनंद ने की, जबकि आयोजन सचिव डॉ. कृष्ण कुमार और डॉ. प्रमोद के. अवती रहे।

विशेषज्ञ समिति ने चंडीगढ़ में 'आयुरयोग सेंटर: इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड वेलनेस के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र' स्थापित करने की सिफारिश की। यह केंद्र मधुमेह, हृदय रोग, डिमेंशिया, मानसिक रोग, नशा, तनाव और बर्नआउट जैसी समस्याओं के लिए समग्र उपचार, शोध और पुनर्वास का केंद्र बनेगा।

### तीन चरणों में होगा विकास

पहला चरण: PGIMER में आयुरयोग हब की स्थापना और CCRYN योग केंद्र का विस्तार

दूसरा चरण: देशभर के संस्थानों के साथ हब एंड स्पोक मॉडल पर सहयोग

तीसरा चरण: यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन (यूके) के साथ भारत-यूके संयुक्त आयुरयोग सेंटर, जिसकी प्रक्रिया शुरू विशेषज्ञों ने चंडीगढ़ प्रशासन से केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372